# बी.एस.एफ. की सांचू पोस्ट का बॉर्डर टूरिज्म के दृष्टिकोण से चयन : मेघवाल

- पर्यटन एवं होटल उद्योग पर परिचर्चा और संवाद कार्यक्रम आयोजित
- मेघवाल ने कहा कि बीकानेर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को सांचू तक लाने का प्रयास किया जायेगा

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि गंगनहर लाने की योजना प्रारम्भ होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बीकानेर में 'सुशासन के 100 वर्ष' समारोह आयोजित किया जायेगा। इस दौरान देश और दुनियां में बीकानेर का नाम रोशन करने वाली 100 हस्तियों का सम्मान किया जायेगा। बीकानेर के विकास में इनकी भागीदारी के प्रयास होंगे।




**बीकानेर में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पर्यटन एवं होटल उद्योग पर परिचर्चा और संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया।**

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने रविवार को होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान एवं होटल उद्योग उत्थान संस्थान, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में होटल वृंदावन में आयोजित बीकानेर पर्यटन व होटल उद्योग पर परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मेघवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास में गंगनहर का बड़ा योगदान है। महाराजा गंगासिंह के महती प्रयासों से यह नहर आई। इस नहर का प्लान वर्ष 1925 में बना। इसके 100 वर्ष पूर्ण होने पर 'सुशासन के 100 वर्ष' समारोह का आयोजन होगा।

उन्होंने कहा कि इस दौरान महाराजा गंगासिंह के विकास मॉडल के स्मरण के साथ सभी भामाशाहों को भी सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गंगनहर गुड गवर्नेंस का बड़ा मॉडल है। इससे पानी के अभाव वाले धोरों की धरती में विकास की नई संभावनाएं पैदा हुई। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान सम्मानित होने 100 लोगों की सूची तैयार की जा रही है। इन्हें बीकानेर आमंत्रित कर सम्मानित किया जायेगा तथा बीकानेर के विकास में दिन के सहयोग की अपील की जायेगी।

मेघवाल ने कहा कि बीकानेर को ध्यान और साधना के केन्द्र के रूप में विकसित करने का प्रयास भी होगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर के विकास में हमेशा भामाशाहों का योगदान रहा है। इन भामाशाहों को भी क्षेत्र के विकास के लिए आमंत्रित किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बीएसएफ की सांचू पोस्ट का बॉर्डर टूरिज्म के दृष्टिकोण से विकास के लिए चयन कर लिया गया है। जल्दी ही इसे मूर्त रूप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को सांचू तक लाने का प्रयास किया जायेगा।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार के सहयोग से हरियाणा के कलायत और बीकानेर के कोलायत को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के प्रयास होंगे। उन्होंने कहा कि हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयास किया जा रहे हैं। बीकानेर से दिल्ली नियमित फ्लाइट के लिए इंडिगो से चर्चा किए जाने की जानकारी दी। मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसे ध्यान रखते हुए इस दिशा में चरणबद्ध तरीके से काम किया जायेगा। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर्यटन विकास को लेकर जागरूक हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इसे प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीकानेर में गत दस-पंद्रह वर्षों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है।

होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र ने प्रदेश के 30 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर दिए हैं। इसमें वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटक स्थलों के विकास में भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। जरूरत है कि पर्यटकों के यहां पहुंचने के हिसाब से प्रॉपर शेड्यूल बनें और इनका प्रचार हो। उन्होंने कहा कि बीकानेर के देशनोक, कोलायत सहित शहरी क्षेत्र, बॉर्डर और नाइट टूरिज्म की संभावनाओं के बारे में बताया।

फैडरेशन के प्रदेश संरक्षक सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा पहली बार टूरिज्म फ्रेंडली बजट पेश किया गया है। उन्होंने कोलायत को पुष्कर के तर्ज पर धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। फैडरेशन के कोटा संभाग प्रभारी अशोक माहेश्वरी ने कहा कि पर्यटन विश्व के अर्थव्यवस्था की धुरी है। कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं पर्यटन पर निर्भर करती हैं। राजस्थान में भी इसकी भरपूर संभावना है।

## कजली तीज को लेकर मंथन

**बीकानेर,** (कासं)। अखंड सुहाग की कामना को लेकर महिलाएं कजली तीज (बड़ी तीज) का पर्व मनाती है। इस दिन व्रत-उपासना कर शाम को कजली माता का पूजन व चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारणा करती है। इस बार बड़ी तीज व्रत-पर्व मनाने की तिथि में चल रही असमंजसता के निवारण को लेकर शनिवार को ज्योतिषाचार्यों, पंचांगर्ताओं और पंडितों के मध्य शास्त्र सम्मत मंथन हुआ।

नत्थूसर गेट के बाहर स्थित नानगाणी ओझा बगीची स्थित गज गंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुई चर्चा में बड़ी तीज पर्व 22 अगस्त को मनाने को शास्त्र सम्मत बताया गया। पंडित प्रहलाद ओझा भैरु के अनुसार चर्चा में कजली तीज व्रत कब और क्यों मनाए। इस पर शास्त्रीय प्रमाण के साथ पंडितों, ज्योतिषाचार्यों और पंचांगकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

वासुदेव कृष्ण धर्मसागर पंचांग के गणितकर्ता पंडित अशोक कुमार ओझा के अनुसार कजली तीज का व्रत चतुर्थीयुक्त करना ही शास्त्र सम्मत है। द्वितीयायुक्त तिथि को व्रत करना शुभदायक नहीं है। गणेश पंचांगकर्ता पंडित राजेन्द्र किराडू ने बताया कि द्वितीयायुक्त तिथि में व्रत करना निषेध बताया गया है। डॉ. गोपाल भादाणी ज्योतिषाचार्य ने कहा कि चतुर्थीयुक्त तिथि में व्रत करने से पुत्र पौत्रादि की प्राप्ति होती है।

शास्त्र सम्मत चर्चा में पंडित जुगल किशोर ओझा, अशोक कुमार ओझा, राजेन्द्र किराडू, उत्तम पारीक, आशीष भादाणी, गोपाल भादाणी, प्रहलाद ओझा, सुशील किराडू, अशोक किराडू, गोपाल दास ओझा, शांति प्रसाद बिस्सा, विजय कुमार ओझा, ललित ओझा, वीरेन्द्र ओझा,नमामी शंकर मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मनोज दीक्षित ने कार्यभार संभाला



**आचार्य मनोज दीक्षित ने वेटरनरी विश्वविद्यालय कुलपति पद का कार्यभार संभाला।**

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार आचार्य मनोज दीक्षित ने रविवार को ग्रहण किया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राज्य सरकार की सलाह पर आदेश जारी कर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित को अग्रिम आदेशों अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो, व्यवस्था के अंतर्गत अतिरिक्त प्रभार के रूप में वेटरनरी विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति के कार्यों का निर्वहन करने के आदेश जारी किये। आचार्य मनोज दीक्षित ने आज वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने आचार्य दीक्षित को इस अवसर पर बधाई दी। गौरतलब है कि आचार्य दीक्षित वर्तमान में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति के रूप में कार्य कर रहे है। वेटरनरी विश्वविद्यालय की कुलसचिव बिन्दु खत्री, वित्त नियंत्रक बी.एल. सर्वा, डीन-डॉयरेक्टर, अधिकारियों, शिक्षकों एवं प्रशासनिक कार्यालय के कर्मचारियों ने नव कुलपति को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### फैक्ट्री में प्रदूषण रोकने की मांग



**टिब्बी उपखंड अधिकारी स्वाति गुप्ता की अध्यक्षता में एथेनॉल फैक्ट्री राठीखेड़ा के विरोध प्रदर्शन रोकने को लेकर बैठक हुई।**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। टिब्बी उपखंड अधिकारी स्वाति गुप्ता की अध्यक्षता में एथेनॉल फैक्ट्री राठीखेड़ा के विरोध प्रदर्शन रोकने को लेकर अहम बैठक हुई। इसमें उप पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार (राजस्व) टिब्बी, थानाधिकारी टिब्बी, फैक्ट्री प्रोजेक्ट के ऑपरेशन हैड जे.पी. शर्मा, प्रदूषण नियंत्रण सहायक अभियन्ता पामुल एवं किसान सुरेन्द्र सिधु (काला), बलराम सहारण, जीत सिंह सिसोदिया, सरपंच प्यारा सिंह, सरपंच सुब्बा सिंह, महंगा सिंह सिधु, सुमित बेनीवाल एवं श्री रवि जोशन शामिल हुए। सभी ने प्रदूषण नियंत्रण को पर विचार विमर्श किया। इसमें किसानों ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी शंकाएं रखी। इस पर ऑपरेशन हैड जे.पी. शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के सिद्धांत पर आधारित है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के किसी भी प्रकार के वातावरण प्रदूषण रोकने व नुकसान संबधी पुख्ता इंतजाम किए गए है। प्रदूषण नियंत्रण सहायक अभियंता पामुल ने समस्त प्रक्रिया की जानकारी दी।

### कंप्यूटर डेटा ऑपरेटर प्रशिक्षण 16 से

**बीकानेर,** (कासं)। जन शिक्षण संस्थान, बीकानेर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पांच माह का कंप्यूटर डाटा ऑपरेटर प्रशिक्षण मुरलीधर व्यास नगर स्थित एलीवेट आपणी कोचिंग परिसर में प्रारंभ किया जायेगा। सहायक कार्यक्रम अधिकारी उमाशंकर आचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बीपीएल, दिव्यांग जन को प्रशिक्षण निशुल्क दिया जायेगा। प्रशिक्षक रामकुमार व्यास ने कहा कि 16 अगस्त 2024 से इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की जायेगी। कार्यक्रम की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। आपणी कोचिंग के अविनाश बिस्सा ने जन शिक्षण संस्थान का आभार `व्यक्त किया कि उन्होंने इस कार्यक्रम के संचालन के लिए एलीवेट आपणी कोचिंग के स्थल का चयन किया है।

# सरहदी इलाके से अनचाही कॉल्स को रोकने के लिए पुलिस की नई पहल

- पाक से आने वाली फोन कॉल्स को रोकने के लिए बीएसएनएल के साथ-साथ निजी टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों से पुलिस बात करेगी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के सरहदी इलाके यानी पाक से सटते गांवों में मादक पदार्थों की तस्करी और पाक से आने वाली अनचाही कॉल्स को रोकने के लिए जिला पुलिस ने नई पहल की है। पुलिस ने बॉर्डर क्षेत्र के थानों के माध्यम से गांवों का सर्वे कर जागरूक नागरिकों को पुलिस से जोड़ने की कोशिश की है। फिलहाल, पुलिस ने सीमा के पास मौजूद गांवों के 52 नागरिकों को जोड़ा है। इससे पुलिस अपना सूचना तंत्र मजबूत करेगी।

पुलिस, बीएसएफ, सीआईडी, आईबी एवं प्रशासनिक विभाग मिलकर पुलिस के इस काम में सहयोग करेंगे। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इंटर बॉर्डर कॉर्डिनेशन मीटिंग ली, जिसमें बॉर्डर क्षेत्र के खाजूवाला, छतरगढ़, दंतौर के थानाधिकारी, आईबी, सीआईडी-सीबी जोन के अधिकारी, बीएसएफ एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी शामिल हुए। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक गौतम ने कहा कि पाक की तरफ से मादक पदार्थों की तस्करी रूक नहीं रही है। सीमा पार के लोग भारतीय सीमा में रहने वालों को मोटा लालच देकर तस्करी करवा रहे हैं।

ऐसे में इन पर अंकुश लगाने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है। आमजन के साथ-साथ सभी सुरक्षा एजेंसियों को मिलकर काम करना होगा। पाक से आने वाली फोन कॉल्स को रोकने के लिए बीएसएनएल के साथ-साथ निजी टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों से पुलिस बात करेगी। टेलीकॉम कंपनियों से तकनीकी मदद लेगी। पाक से आने वाली कॉल्स को रिकॉर्ड किया जायेगा। इससे पता चल सकेगा कि यह कॉल्स किसके पास और क्यों की गई थी। इसके लिए बॉर्डर एरिया के थानों में तकनीकी व्यवस्थाओं व संसाधनों को बढ़ाया जाएगा। पाक से युवतियां कॉल्स कर युवाओं, सेना व पुलिस के जवानों को बरगला कर खुफिया व सुरक्षा संबंधी जानकारी हासिल कर रही हैं। इससे देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में इन पर अंकुश लगाना जरूरी है। बीकानेर का 142, श्रीगंगानगर का 90, व अनूपगढ़ जिले का 164 किलोमीटर क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से सटता है।

## श्मशान के लिए जमीन दान दी

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व सिंचाई मंत्री देवीसिंह भाटी एवं कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी की प्रेरणा से राजपूत समाज के प्रमुख लोगों ने दलित समाज के श्मशान के लिए भूदान कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

सामाजिक समरसता का ऐसा परिचय आज ग्राम पंचायत किलचु में रूप सिंह, चतर सिंह पुत्र स्व. रेवन्त सिंह चांदावत ने अपने खातेदारी भूमि में से सवा दो बीघा भूमि मेघवाल समाज, नायक समाज, सांसी समाज को श्मशान भूमि के लिए रजिस्ट्री करवाकर दे दी। गांव किलचू देवड़ान में भारतमाला रोड पर गांव के गणमान्य व्यक्तियों के रुप सिंह चांदावत और पूर्व सरपंच राजेन्द्र सिंह देवड़ा ने जमीन के कागजात मेघवाल, नायक एवं सांसी समाज के प्रमुख लोगों को सौंपे। गांव के मौजिज लोगों ने कहा कि इस अनुकरणीय कार्य से दूसरे गांवों में भी सामाजिक समरसता का संदेश जायेगा।

# पूनरासर हनुमान मेले की तैयारियां जोरों पर

- पूनरासर मेला आठ से दस सितम्बर तक भरेगा

**बीकानेर,** (कासं)। श्री पूनरासर हनुमानजी मंदिर में तीन दिवसीय भव्य मेला आठ से दस सितम्बर तक भरेगा। इस मेले में लाखों यात्री श्रद्धालु भक्त विभिन्न साधनों से यथा पैदल, ऊंटगाडे, बसों एवं निजी साधनों से बाबा के दर्शनार्थ पूनरासर धाम पहुंचकर अपने इष्टदेव हनुमानजी का दर्शन करेंगे।

मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए श्री पूनरासर हनुमानजी ट्रस्ट ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ट्रस्ट की ओर से मेले में यात्रियों के आवास व्यवस्था एवं निरन्तर जलापूर्ति तथा बिजली व्यवस्था के लिए जनरेटर आदि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यात्रियों की लाखों की संख्या को देखते हुए आवश्यक नागरिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखकर निवेदन किया गया है।

इसी क्रम में पानी, बिजली, पुलिस, चिकित्सा, अतिरिक्त बस सेवा, सड़क मार्ग को रिपेयर एवं सफाई, ग्राम पूनरासर में मेले के समय आने वाले वाहनों की पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को भी पत्र लिखे गए हैं। इसके अतिरिक्त इस बार श्री पूनरासर हनुमानजी ट्रस्ट द्वारा वर्षों से संचालित किये जाने वाला श्रीराम भोजनालय का वातानुकूलित नवीनीकरण किया गया है। जिसमें आधुनिक समय को देखते हुए नये फर्नीचर से सुसज्जित किया गया एवं नये आधुनिक लेट-बाथ तैयार करवा लिये गये है, जिससे आने वाले श्रद्धालु दर्शनार्थियों को आवश्य आधारभूत सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

# आचार्य परिवार का शिवपूजन 14 को

**बीकानेर,** (कासं)। श्री वेणीदास आचार्य वंशज समस्त आचार्य परिवारजनों का सामूहिक शिवपूजन और महाप्रसाद कार्यक्रम 14 अगस्त को धरणीधर महादेव मंदिर में आयोजित किया जायेगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष नन्द कुमार आचार्य ने बताया कि इसमें श्री धरणीधर ट्रस्ट, श्री महानंद ट्रस्ट, श्री रघुनाथ ट्रस्ट, श्री ज्योतिषी आचार्य ट्रस्ट तथा श्री आचार्य पोकर पोता ट्रस्ट की भागीदारी रहेगी। पूजन सायं 4 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन पंडित घनश्याम आचार्य के सानिध्य में होगा।

कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में शनिवार को धरणीधर मंदिर में बैठक आयोजित हुई। इसमें अधिक से अधिक स्वजातीय बंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की गई। उल्लेखनीय है कि श्री वेणीदास आचार्य के समस्त वंशजों और परिवारजनों का सामूहिक पूजन प्रतिवर्ष सावन मास में आयोजित होता है। इसका आयोजन महानंद मंदिर, धरणीधर मंदिर और रघुनाथ बगीची में आयोजित होती है।

इस बार धरणीधर ट्रस्ट द्वारा इसका आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन रामकिशन आचार्य, शिवशंकर आचार्य, घेवरचंद आचार्य, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, विजयशंकर आचार्य सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों के सानिध्य में आयोजित किया जायेगा।

## नशे के विरूद्ध आज लेंगे शपथ

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 15 अगस्त 2020 को किया गया। इस अभियान की वर्षगांठ पर देश के सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पवार ने बताया कि इस वर्ष नशा मुक्त भारत अभियान उत्सव का विषय 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' है। इसके तहत सोमवार को प्रातः 8 बजे शपथ कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश के अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम महारानी रा.बा.उ.मा. विद्यालय में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान जिले के कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों में शपथ ली जायेगी।

# कनाडा भेजने के नाम पर 20 लाख रूपये हड़पने का आरोप

- नौ जनों के खिलाफ सूरतगढ़ सिटी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया

**सूरतगढ़,**(कासं)। कनाडा भिजवाने के नाम पर करीब बीस लाख रूपए हड़पने के आरोप में सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने नौ जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अदालत के जरिए भेजे इस्तगासा में गांव 25 एफएफ गजसिंहपुर निवासी रविन्द्र सिंह कंग पुत्र बूटासिंह जटसिख ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई नरेंद्र सिह कंग अपनी पत्नी व बच्चों को वर्क वीजा पर कनाडा भिजाना चाहता था। ऐसे में उसने इन लोगों से संपर्क किया। उसे बताया कि उनकी कंपनी दुबई में है। वे उसके भाई को व उसकी पत्नी कोई दुबई का वीजा दिलवा देंगे। दुबई में 2-3 महीने काम करने के बाद कनाडा का वर्क वीजा मिल जायेगा। इनकी बातों में आकर करीब बीस लाख रूपए की राशि अलग अलग तिथियों में चुका दी। इनकी बातों में आकर रूपए चुकाए। उसके भाई व भाभी अपनी बच्चों को लेकर 28 नवम्बर 2022 को दुबई चले गए।

दुबई में 2 महीने नौकरी करने बाद इन आरोपियों ने वापस भारत भेज दिया और बोले कि खाते में आटोमेटिक सैलरी आने लग जायेगी। उसी सैलरी के आधार पर वर्क वीजा कनाडा के लिए लग जायेगा। उसके भाई व भाभी वापस अपनी बच्ची को लेकर भारत आ गए। लेकिन कनाडा के वर्क वीजा की फाइल की प्रक्रिया व दुबई की कंपनी से अपनी सैलरी का इंतजार करने लगे।करीब छह माह तक टालमटोल करते रहे। जब वह आरोपी टहलसिंह और उसकी बहु नवजिंद्र कौर पत्नी गुरपाल सिंह के पास रूपए लेने गया तो वे कुछ दिनों की बात कहकर उसे वापस लौटा दिया और वे लोग विदेश चले गए। पुलिस ने गुरपाल सिंह पुत्र टहल सिंह संधु निवासी 47 एफ श्रीकरणपुर, नवजिंद्र कौर पत्नी गुरपाल, सुखजिंद्र सिंह पुत्र गुरजंट सिंह सहित 9 जनों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/488 दिनांक :- 8/8/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना -1982में चालान संख्या 49971 द्वारा राशि रू.500/- जमा करवाकर श्री कालिका प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री बच्चू लाल ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं. 5/279 मुक्ताप्रसाद नगर योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 30.937 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 640 दिनांक 30.05.1985 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नहीं है।
तत्पश्चात श्री कालिका प्रसाद गुप्ता की मृत्यु दिनांक 31.12.2011 हो जाने कारण उनकी धर्मपत्नि श्रीमति भाग देई एवम् उनके पुत्र श्री हनुमान शरण व श्री स्नेही शरण ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अण्डर टेंकिंग, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया। उक्त आवास श्रीमति भाग देई पत्नि स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता एवम् श्री हनुमान शरण व श्री स्नेही शरण पुत्र स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता के नाम करने की कार्यवाही प्रक्रिधीन हैं।
श्रीमति भाग देई पत्नि स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता एवम् श्री हनुमान शरण व श्री स्नेही शरण पुत्र स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति भाग देई पत्नि स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता एवम् श्री हनुमान शरण व श्री स्नेही शरण पुत्र स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यवाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति भाग देई पत्नि स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता एवम् श्री हनुमान शरण व श्री स्नेही शरण पुत्र स्व. श्री कालिका प्रसाद गुप्ता का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/ पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

# चिकित्साकर्मियों के सहयोग से विकसित रोटरी गार्डन में 151 पौधे लगाये

- वरिष्ठ चिकित्सक एवम नर्सिंगकर्मियों ने पौधारोपण में सहयोग दिया
- केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भी शिरकत की

**बीकानेर,** (कासं)। रोटरी क्लब रॉयल्स द्वारा संभाग के सब से बड़े पीबीएम अस्पताल के सुपर स्पेशिएलिटी ब्लॉक में आज रॉयल्स एवं चिकित्साकर्मियों के सहयोग से विकसित किये जा रहे रोटरी गार्डन एवं लघुवन क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण अभियान चलाया गया।



**चिकित्साकर्मियों के सहयोग से विकसित किये जा रह रोटरी गार्डन एवं लघुवन क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पौधारोपण किया।**

कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून एवम अन्य मामलात मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने उपस्थिति दर्ज करवाई। मेघवाल ने अपने चिर परिचित अंदाज में दोहे और कथाओं के माध्यम से सभी को पौधारोपण के प्रति जागरूकता का पाठ पढ़ाया एवं अपनी टीम सहित इस विशाल पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल द्वारा जनहितार्थ रोटरी रॉयल्स द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की एवं उत्तरोतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में रोटरी रॉयल्स अध्यक्ष रोटे गोपाल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

क्लब एवम चिकित्साकर्मियों के सहयोग से विकसित किए जा रहे रोटरी गार्डन में आज 151 पौधे लगाये गए। ज्ञात रहे क्लब अपने हर पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्वाध्यक्ष मनोज कुड़ी के मार्गदर्शन में उनके संरक्षण हेतु ड्रीपिंग सुविधा भी उपलब्ध करवाती है। कार्यक्रम में रोटरी सहायक प्रांतपाल रोटे डॉ मनोज कुड़ी, क्लब अध्यक्ष रोटे गोपाल अग्रवाल, सचिव रोटे सुनील चमडिया, प्रकल्प संयोजक रोटे डॉ सी एस मोदी, रोटे जगदीप सिंह ओबेरॉय, वरिष्ठ रोटे विपिन लड्ढा, शरद कालड़ा, ऋषि धामू आदि के साथ वरिष्ठ चिकित्सक एवम नर्सिंगकर्मियों ने पौधारोपण में सहयोग प्रदान किया।

## सावधान रहने की अपील

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा नहीं होने पर बिजली कनेक्शन काटने के धमकी भरे संदेश फोन भेजकर संपर्क करने को कहा जा रहा है। बीकेईएसएल ने उपभोक्ताओं से ऐसे फर्जी संदेशों से सावधान रहने की अपील की है।

पिछला बिल जमा नहीं होने पर आज रात बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा के संदेश आ रहे हैं।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी जयपुर राजस्थान के पत्र द्वारा खनन पट्टों के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण को देखने के लिए उपलब्ध है। आवेदित खनन पट्टों की विवरण सूची निम्नवार है:-

| Ref.No. | Applicant | Applied Area Detail | Minerals | Area in Hectare | Letter No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 202410000 104721 08/2024 | Samji Nagjibhai Thakker | Khasra No.101/40 Village-Kishnayat Budhan Tehsil -kolayat ,Bikaner | Ball Clay, Silica Sand | 1.0314 | F1(4)/SEIAA/SEAC-Sectt/Project/ Cat.B2(0279)2023-24 |